डा. एस. अय्यप्पन
सचिव एवं महानिदेशक
**Dr. S. AYYAPPAN**
SECRETARY & DIRECTOR-GENERAL



भारत सरकार
कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग एवं
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली 110 014

**GOVERNMENT OF INDIA**
**DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH & EDUCATION**
**AND**
**INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH**
MINISTRY OF AGRICULTURE, KRISHI BHAVAN, NEW DELHI 110 114
Tel.: 23382629; 23386711 Fax: 91-11-23384773
E-mail: dg.icar@nic.in


# अपील

राजभाषा के प्रति सम्मान एवं सरकारी कार्य में हिंदी का प्रयोग लगातार बढ़ाते रहने के संकल्प के तौर पर हम हर साल 14 सितम्बर को '**हिंदी दिवस**' के रूप में मनाते आ रहे हैं। हिंदी एक सरल, समृद्ध और सशक्त भाषा है। इसकी लिपि वैज्ञानिक है तथा यह जैसी लिखी जाती है वैसे ही बोली जाती है। सरकारी कामकाज में हिंदी को आसानी से प्रयोग में लाया जा सकता है।

भारत सरकार की राजभाषा नीति का आधार सद्भावना, प्रेरणा व प्रोत्साहन है। मुझे खुशी है कि परिषद व इसके संस्थानों में राजभाषा हिंदी में कार्य उत्साहपूर्वक किया जा रहा है और हमने हिंदी के प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। गृह मंत्रालय की विभिन्न पुरस्कार योजनाओं के अंतर्गत हमारे संस्थानों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं, अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि हम अनुसंधान प्रौद्योगिकियों और नई तकनीकों का हिंदी माध्यम से प्रचार-प्रसार करके हिंदी को विश्वभाषा का गौरव प्रदान कराने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। इसकी शुरुआत परिषद में काफी पहले ही हिंदी में लोकप्रिय पत्रिकाओं जैसे '**खेती**', '**फल-फूल**' तथा '**कृषिका**' के प्रकाशन द्वारा की जा चुकी है।

मैं, इस अवसर पर आप सभी से अपील करता हूं कि हम यह संकल्प लें कि हिंदी का अधिक से अधिक सरकारी कामकाज में प्रयोग करेंगे और हिंदी को विश्व में अंतर्राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मैं, परिषद व इसके संस्थानों में इस अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं समारोहों की सफलता की कामना करता हूं।

एस. अय्यप्पन
(एस.अय्यप्पन)

नई दिल्ली
14 सितम्बर, 2014